# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. - 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 360/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 08.10.2025

**डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 08.10.2025 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्नवत कार्यवाहियां की गयी-

प्रेस नोट, दिनांक- 08.10.2025, जनपद आजमगढ

मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 03 महिला आरक्षियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आज़मगढ़ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

➡️ माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान संचालित किया जा रहा है।

➡️ इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण / नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्री चिराग जैन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्रीमती आस्था जायसवाल, क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में जनपद आज़मगढ़ में मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न सराहनीय कार्य किए गए।

➡️ अभियान के अंतर्गत निम्न महिला आरक्षियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया —

1️⃣ महिला आरक्षी प्रीति सिंह, थाना देवगांव, जनपद आजमगढ़ —
मु0अ0सं0 355/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में पीड़िता की बरामदगी हेतु विवेचक को सहयोग प्रदान करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर नाबालिग पीड़िता को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया।

2️⃣ महिला आरक्षी पूजा पाण्डेय, थाना पवई, जनपद आजमगढ़ —
एन्टी रोमियो ड्यूटी के दौरान मनचलों/शोहदों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए दो वाहनों को सीज़ किया गया तथा 90 शोहदों/मनचलों को धारा 168 बीएनएसएस की नोटिसें जारी की गईं।

3️⃣ महिला आरक्षी पूजा यादव, थाना जीयनपुर, जनपद आजमगढ़—
मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत अपने थाना क्षेत्र के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्राम/वार्डों में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1098, 1930, 112 आदि की जानकारी दी गई तथा उन्हें महिला अपराध संबंधी कानूनों, सरकारी योजनाओं एवं साइबर अपराध से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

➡ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा उपरोक्त महिला आरक्षियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं समर्पण भाव के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रेस नोट, दिनांक- 08.10.2025, जनपद आजमगढ़

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह-2025 के अंतर्गत महिला प्रशिक्षुओं को मैट्रिमोनियल फ्रॉड संबंधी साइबर प्रशिक्षण

☞श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ महोदय द्वारा प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है-

☞राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अक्टूबर 2025 के अंतर्गत आज दिनांक-08.10.2025 को रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, आज़मगढ़ में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 महिला प्रशिक्षुओं को मैट्रिमोनियल फ्रॉड (शादी से संबंधित धोखाधड़ी) के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

☞ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) विवेक त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में महिला प्रशिक्षुओं को ऑनलाइन वैवाहिक ठगी, साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई जाने वाली छलपूर्ण तकनीकों, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, तथा धोखाधड़ी से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

☞कार्यक्रम का उद्देश्य महिला प्रशिक्षुओं को साइबर अपराधों से सचेत एवं आत्मरक्षित बनाना, तथा समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रसार करना है।

**प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 07.10.2025**
**थाना मुबाकरपुरः दुष्कर्म के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार।**

**पूर्व की घटना–**

अवगत कराना है कि दिनांक 01.10.2025 को थाना मुबारकपुर पर पीड़िता के पिता द्वारा तहरीर दिया गया कि लगभग 25 दिन पहले 09.00 बजे रात्रि मे पीड़िता के नलकूप चालू करने जाते समय अकेला पाकर अभियुक्तगण 1. आदित्य उर्फ पिलुआ पुत्र रामाश्रयर निवासी ग्राम चांड़ी थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ 2. सुमित पुत्र लालधर 3. अभिषेक पुत्र रामचन्द्र निवासीगण पियरोपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ द्वारा दुष्कर्म किया गया एवं वीडियो बनाया गया तथा उक्त वीडियो को प्रिन्स पुत्र लालधर निवासी पियरोपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ द्वारा वायरल किये जाने के सम्बन्ध मे तहरीर प्राप्त हुई जिसके आधार पर धारा मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 432/2025 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस 5G/6 पाक्सो एक्ट व 66A IT ACT पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना स्वयं प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर शशि मौलि पाण्डेय द्वारा की जा रही है।

पूर्व में अभियुक्तगण 1. आदित्य उर्फ पिलुआ पुत्र रामाश्रयर निवासी ग्राम चांड़ी थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ 2. सुमित पुत्र लालधर 3. अभिषेक पुत्र रामचन्द्र निवासीगण पियरोपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तारी का विवरण–**

दिनांक 07.10.2025 को प्र0नि0 मुबारकपुर शशि मौलि पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल के वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु क्षेत्र मे मामुर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 432/2025 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस 5G/6 पाक्सो एक्ट व 66A IT ACT से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रिन्स पुत्र लालधर साकिन पियरोपुर, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ उम्र 19 वर्ष को मलिकसूदनी मोड़ के पास से एकबारगी दबिश देकर समय 20.45 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1- प्रिन्स पुत्र लालधर साकिन पियरोपुर, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ उम्र 19 वर्ष

पंजीकृत अभियोग-

1-मु0अ0सं0 432/2025 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस 5G/6 पाक्सो एक्ट व 66A IT ACT थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ

गिरफ्तारी करने वाली टीम –

प्र0नि0 शशि मौली पाण्डेय मय हमराह का0 सब्बीर व का0 केशर यादव, थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ

प्रेस नोट, दिनांक- 08.10.2025, थाना बरदह, जनपद आमजगढ़

थाना बरदह पुलिस ने गुमशुदा व्यक्ति को अन्दर 24 घण्टे सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द ।

➡️ दिनांक 06.10.2025 को समय लगभग 22:26 बजे आवेदक कृष्णदेव मिश्रा पुत्र स्वर्गीय घनश्याम मिश्रा, निवासी दुबरा थाना बरदह, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि दिनांक 06.10.2025 को प्रातः 08.00 बजे मेरा पुत्र रिशू मिश्रा घर से बिना कुछ बताये कहीं चला गया है, जिसका मो0नं0 7388479834 है, जो अभी तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा आस-पड़ोस, मित्रों एवं रिश्तेदारों के बीच तलाश की गई, परंतु कोई पता नहीं चल सका।

➡️ घटना की सूचना परिजनों द्वारा थाना बरदह पर दी गई, जिस पर पुलिस द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर गुमशुदा के मो0नं0 को सर्विलांश पर लगाकर सर्विलांश की मदद से लोकेशन प्राप्त कर तत्काश उ0नि0 संजय कुमार मय हमराह द्वारा गुमशुदा को दिनांक 07.10.25 को वाराणसी से बरामद किया गया।

➡️ दिनांक 07.10.2025 को पुलिस के अथक प्रयासों से गुमशुदा व्यक्ति रिशू मिश्रा उपरोक्त को वाराणसी रेलवे स्टेशन से समय 14.00 बजे सकुशल बरामद किया गया। तत्पश्चात विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

➡️ परिजनों द्वारा अपने प्रियजन की सकुशल बरामदगी पर आजमगढ़ पुलिस का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

प्रेस नोट, दिनांक- 08.10.2025

थाना – बरदह, जनपद आज़मगढ़

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत कार्यवाही करते हुए एक मनचले का चालान किया गया

➡ महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत थाना बरदह पुलिस द्वारा एक मनचले युवक के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की गई।

➡ दिनांक 08.10.2025 को उपनिरीक्षक अम्बुज कुमार राही मय हमराह पुलिस बल के एन्टी रोमियो/मिशन शक्ति चेकिंग अभियान के दौरान क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सरावा पुलिया पर खड़ा होकर आने-जाने वाली महिलाओं को अशोभनीय इशारे तथा अभद्र टिप्पणियां कर रहा है।

➡ पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर उक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम फरहान उर्फ साहिल पुत्र अलाउद्दीन निवासी ग्राम बड़गहन, थाना बरदह, जनपद आज़मगढ़, उम्र लगभग 23 वर्ष बताया। आसपास के लोगों द्वारा भी पुष्टि की गई कि उक्त युवक प्रतिदिन पुलिया के पास बैठकर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार करता है।

➡ उक्त प्रकरण में थाना बरदह पर मु0अ0सं0 301/25 धारा 296 भारतीय न्याय संहिता (BNS) बनाम साहिल पुत्र अलाउद्दीन के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

➡ विवेचना के क्रम में व0उ0नि0 सुरेशचन्द्र मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त साहिल उपरोक्त को उसके घर ग्राम बड़गहन से दिनांक 08.10.2025 को समय 14.00 बजे पुलिस हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

➡ यह कार्यवाही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति आज़मगढ़ पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**प्रेस नोट, दिनांक 08.10.2025, जनपद- आजमगढ़**

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

➡ माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से **मिशन शक्ति विशेष अभियान** प्रारंभ किया गया है।

➡ **मिशन शक्ति अभियान फेज–5.0** का शुभारम्भ **दिनांक 20 सितम्बर 2025** को **शारदीय नवरात्रि** के पावन अवसर पर किया गया।

➡इसी क्रम में **दिनांक 08 अक्टूबर 2025** को जनपद **आजमगढ़** में श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी महोदय, श्रीमान् पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ महोदय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक **डॉ. अनिल कुमार** के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण / नोडल अधिकारी मिशन शक्ति **श्री चिराग जैन** तथा पर्यवेक्षण अधिकारी **श्रीमती आस्था जायसवाल, क्षेत्राधिकारी सदर** के नेतृत्व में विविध जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई।

*मुख्य गतिविधियाँ:*

**01.महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल कार्यक्रम:**

➡ जनपद के विभिन्न **मन्दिरों**, **सार्वजनिक स्थानों**, एवं **पंचायत भवनों** में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को **सरकारी योजनाओं**, **हेल्पलाइन नम्बरों** (1090, 112, 181, 1930 आदि) की जानकारी दी।

➡ **फुट पेट्रोलिंग** के दौरान रूक-रूककर स्थानीय महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मरक्षा के प्रति सजग किया गया।

**02.एण्टी रोमियो टीम द्वारा सघन चेकिंग:**

➡ जनपद के चिन्हित **हॉट-स्पॉट स्थलों** पर सभी **एण्टी रोमियो टीमों** द्वारा सतर्क निगरानी रखते हुए सघन चेकिंग की गई, जिससे महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

➡ यह अभियान महिलाओं में **सुरक्षा के प्रति जागरूकता**, **कानूनी जानकारी** और **सरकारी संसाधनों** के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।